Starting Blocks

बच्चों की देखभाल की तैयारी

बहुत से परिवारों को अच्छी प्रारम्भिक शिक्षा और देखभाल सेवा, जैसे - बच्चों की देखभाल, प्री-स्कूल या घर पर सेवा - की ज़रूरत होती है. इसकी ज़रूरत पड़ने से पहले ही अपने और अपने बच्चे के लिए अनुकूल विकल्पों पर विचार कर लेना आपके लिए अच्छा रहता है. आपको इन चीजों पर विचार करना शुरू कर देना चाहिए: आपका बच्चा कब शुरू करे, आपके लिए कौन से विकल्प उपलब्ध हैं, आप सेवाओं तक कैसे पहुँचें और बच्चे की शुरुआत से आप क्या उम्मीद कर सकते/सकती हैं.

मेरा बच्चा कब शुरू करे?

शुरु करने के लिए कोई आदर्श समय नहीं होता है लेकिन आप जितनी जल्दी करें उतना ही अच्छा रहता है. हाल के शोध बताते हैं कि बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा और देखभाल की गुणवत्ता, उनकी शुरुआत करने की उम्र या वहाँ बिताए जाने वाले समय की मात्रा की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है.

ज़्यादातर सेवाओं में प्रतीक्षा सूची होती है और इसलिए सबसे अच्छा यह होता है कि आप अपने बच्चे का नाम एक से अधिक जगहों पर डाल दें ताकि आपके पास मन-मुताबिक़ सेवा चुनने के मौके हों.

यह भी महत्वपूर्ण है कि एक बार कहीं जगह ले लेने पर आप प्रतीक्षा सूचियों से अपना नाम हटा लें ताकि दूसरे परिवारों के लिए प्रतीक्षा सूची को अद्यतन कर लिया जाए.

कौन से विकल्प उपलब्ध हैं?

पारिवारिक दिवाकालीन देखभाल, पूर्णदिवसीय देखभाल और विद्यालय के बाहर के समय हेतु सेवा जैसे कई प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं.

बहुत से परिवारों को लगता है कि उनके बच्चों की शिक्षा और देखभाल को समय के साथ बदले जाने की ज़रूरत है और वे एक साथ अलग-अलग प्रकार की सेवाएँ ले सकते हैं या एक के बाद एक सेवाएँ ले सकते हैं. उदाहरण के लिए, एक परिवार अपने बच्चे को पारिवारिक दिवाकालीन देखभाल में रखता है लेकिन विद्यालय की शुरुआत से ठीक एक वर्ष पहले उसे पूर्णदिवसीय देखभाल में भेज सकता है ताकि वह बच्चों के एक बड़े समूह में शामिल हो सके.

- पारिवारिक दिवाकालीन देखभाल पंजीकृत प्रशिक्षक के परिवार-गृह में नवजात से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चों के छोटे समूह की देखभाल करती है.
- पूर्णदिवसीय देखभाल में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल एक केंद्र के माहौल में होती है.
- विद्यालय के बाहर के समय हेतु देखभाल में विद्यालय जाने वाले बच्चों की विद्यालय के समय के पहले और/या बाद और/या विद्यालय की छुट्टियों के दौरान (अवकाशकालीन देखभाल) देखभाल की जाती है.

अन्य विकल्पों में बच्चों की आकस्मिक देखभाल, प्री-स्कूल सेवाएँ या परिवार, दोस्त, बेबीसिटर और नैनी द्वारा की जाने वाली देखभाल भी आती हैं. हालांकि, इन विकल्पों को राष्ट्रीय गुणवत्ता फ्रेमवर्क के तहत विनियमित नहीं किया जाता है.

यह भी देखना महत्वपूर्ण है कि बहुत सी सेवाएँ प्रतीक्षा-सूची के लिए गैर-वापसी योग्य प्रशासनिक शुल्क लेती हैं. यदि आप इन शुल्कों के लिए चिंतित हैं तो आपको अपने राज्य या क्षेत्र के निष्पक्ष व्यापार कार्यालय (Office of Fair Trading) से संपर्क करना चाहिए.

मैं किस प्रकार एक अच्छी सेवा प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

ऑस्ट्रेलिया में प्रमाणित गुणवत्ता वाली प्रारम्भिक शिक्षा और देखभाल के बारे में जानने के लिए यह वेबसाइट देखें: www.startingblocks.gov.au/findchildcare

आप दोस्तों और परिवार के सदस्यों से भी अच्छी जानकारी ले सकते/सकती हैं. दूसरे लोग अपने द्वारा इस्तेमाल की जा रही सेवाओं के बारे में क्या सोचते हैं, यह जानना फायदेमंद हो सकता है इसलिए अपने आस-पास के लोगों से पूछने में झिझकें नहीं. सेवाओं के बारे में जानने के दूसरे माध्यम हो सकते हैं:

- आपकी स्थानीय व्यावसायिक या टेलीफोन डायरेक्टरी
- स्थानीय काउंसिल सूची
- वर्गीकृत विज्ञापन
- विद्यालयों और शॉपिंग सेंटरों में सार्वजनिक नोटिस बोर्ड
- कार्य/अध्ययन के साथी
- जिसके यहाँ आप काम करते/करती हों या जिस संस्थान में पढ़ते/पढ़ती हों

मुझे यह कैसे पता चलेगा कि प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल सेवा अच्छी गुणवत्ता वाली है?

एक अच्छी सेवा वह होती है जो:

- आपके साथ यह सुनिश्चित करने के लिए काम करती हो कि आपका बच्चा सकुशल, खुश और सुरक्षित है; और बच्चों की उस देखभाल सेवा को चुनने के फैसले पर आप आत्मविश्वास का अनुभव कर सकते/सकती हैं.
- सीखने का ऐसा वातावरण देती है जहाँ स्टाफ की सतर्क निगरानी और रोल मॉडलिंग की मदद से बच्चे योग्य, आत्मनिर्भर बन सकें और बहुमूल्य जीवन-कुशलताएँ विकसित कर सकें.
- बच्चों की भावनाओं और जिज्ञासाओं का समाधान करने के साथ-साथ बच्चों को आश्वस्त करे तथा उन्हें दोस्त बनाने और क्रिया-कलापों, अनुभवों में शामिल होने में मदद करे.
- आपसी संक्रमण के खतरों को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करती हो, टीकाकरण को बढ़ावा देती हो और जब ज़रूरत हो बीमार बच्चों को देखभाल केंद्र से अलग रखती हो.

मेरे बच्चे के शुरुआत करते समय क्या होता है?

+ नामांकन

एक बार जगह मिल जाने पर सेवाओं को नामांकन की पूरी प्रक्रिया में आपकी मदद करनी चाहिए. प्रभावी नामांकन प्रक्रियाएँ बहुत महत्वपूर्ण होती हैं क्योंकि इस समय परिवार और स्टाफ बच्चे, परिवार और सेवा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हैं.

नामांकन फॉर्म में निम्नलिखित जानकारियों के लिए निवेदन किया जा सकता है:

- परिवार के संपर्क विवरण और जानकारी
- आपके बच्चे के लिए अधिकृत संपर्क विवरण और एक्सेस सूचनाएँ. इससे यह जानने में मदद मिलती है कि सेवा से उन्हें ले जाने के लिए कौन अधिकृत है, साथ-साथ अपातकालीन स्थिति में जब आपसे संपर्क न हो पाए, तब संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति की जानकारी.
- आपके बच्चे के बारे में, उसके खाने और सोने, दिनचर्या, अभिरुचि और पसंद/नापसंद, बीमारियों, एलर्जी, स्वास्थ्य की स्थिति और स्वास्थ्य देखरेख करने वाले विशेषज्ञ के संपर्क विवरण के साथ खास जानकारियाँ.
- आपके बच्चे के टीकाकरण का वृत्तांत. यह आपके बच्चे के चाइल्ड हेल्थ रिकॉर्ड की फोटोकॉपी के माध्यम से दिया जा सकता है या ह्यूमन सर्विसेज़ विभाग की वेबसाइट (www.humanservices.gov.au) पर

ऑस्ट्रेलियन चाइल्डहुड इम्म्यूनाइज़ेशन रजिस्टर से टीकाकरण वृत्तांत विवरण प्राप्त कर दिया जा सकता है.

- आपके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र

+ ओरिएंटेशन

यह कभी-कभी आपके और आपके बच्चे के लिए बहुत भावुक अनुभव हो सकता है. एक ओरिएंटेशन विज़िट आम-तौर पर बच्चे की शुरुआत से पूर्व होती है, और यह एक महत्वपूर्ण चरण है क्योंकि यह आपको, आपके बच्चे को और स्टाफ को एक-दूसरे को जानने का मौका देती है.

एक ओरिएंटेशन विज़िट आपको आपके बच्चे के लिए काम करने वाले स्टाफ के साथ नामांकन फॉर्म, आपके बच्चे की ज़रूरतों, अभिरुचियों, गुणों, संस्कृति और दिनचर्या पर चर्चा करने का कीमती मौका देती है. यह सवाल पूछने का और सेवा से और अधिक परिचित होने का एक अच्छा मौका होता है.

इससे बच्चों को उनके नए वातावरण का जायजा लेने, स्टाफ के साथ अपने शुरुआती रिश्ते बनाने और आपके पास होने के सुरक्षा-भाव के साथ सेवा में दूसरे बच्चों से मिलने का मौका मिलता है. यह देखना आपको बेहद ज़रूरी आश्वासन देता है कि आपका बच्चा वातावरण में किस प्रकार की प्रतिक्रिया दे रहा है.

सेवाएँ प्रायः परिवारों को ओरिएंटेशन के समय एक हैंडबुक देती हैं जिसमें सेवाओं, स्टाफ, खुलने का समय, मुद्दों पर नीतियाँ जैसे छुट्टियाँ, स्वास्थ्य एवं सकुशलता, बीमारियों के समय प्रबंध, शुल्क और दूसरे ऐसे विषय जो सेवा-स्थल की व्यवस्था को प्रभावित करते हों, इनके बारे में जानकारियों की रूपरेखा होती है.

मेरे बच्चे को ढलने में क्या चीज़ मददगार हो सकती है?

बच्चों को आम-तौर पर नए वातावरण में ढलने में मुश्किलें आ सकती हैं, खासकर यदि उन्हें परिवार और उनका ख्याल रखने वाले जाने-पहचाने लोगों से अलग होने में मुश्किल आती हो. प्रत्येक बच्चे की प्रतिक्रिया और उसके ढलने में लगने वाला समय हर बच्चे पर और उसके बीते अनुभवों पर निर्भर करता है. परंतु ऐसी तरकीबें उपलब्ध हैं कि परिवार और सेवाएँ बच्चों को सफलतापूर्वक ढलने में मदद देने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं.

परिवारों के लिए निम्नलिखित सुझाव मददगार हो सकते हैं जब वे अपने बच्चे को सेवा में ढलने में मदद कर रहे हों:

- यदि संभव हो तो अपना कामकाज या पढ़ाई की व्यस्तता शुरू होने से पहले अपने बच्चे को शुरू में कम समय के लिए छोड़कर उसका तजुर्बा कराएँ, तब धीरे-धीरे सेवा में उसका समय बढ़ाएं.
- जब आप पूरे दिन के लिए अपने बच्चे को छोड़ने आएँ, तो एक मनचाहा स्टाफ सदस्य या जोड़ीदार चुनें जिसके साथ आप उसे छोड़ सकते हैं.
- वहाँ से जाने से पहले आप बच्चे के साथ उसके मनचाहे काम में समय बिताएँ.
- सेवा को यह बताएँ कि बच्चे को कैसे आश्वस्त किया जा सकता है और दिन के क्रिया-कलाप या वह समय जिसमें वह बेचैन हो जाता है, उन्हें आप किस प्रकार संभालते हैं. उदाहरण के लिए, क्या आपके बच्चे के लिए कोई सुखकर वस्तु है, जैसे कोई खिलौना, कम्बल जो उनके बेचैन होने पर उन्हें आश्वस्त करता हो?
- अपने बच्चे को दिखाएँ कि सेवा में उन्हें छोड़ते हुए आप सुरक्षित महसूस करते हैं और स्टाफ पर आपका विश्वास है. उन्हें आत्मविश्वास से 'गुडबाय' कहें और उन्हें जता दें कि आप वापस आएँगे/आएँगी. जब वे खुश होकर खेलने में लगे हों तब उन्हें छोड़कर चुपचाप निकल जाना आपको अच्छा लग सकता है लेकिन आपके बच्चे के लिए यह बहुत दुखदायी हो सकता है कि आप बिना गुडबाय कहे चले गए/चली गईं.
- आपको यह महसूस होना चाहिए कि आप किसी भी समय सेवा को संपर्क करके यह जान सकते/सकती हैं कि आपका बच्चा किस प्रकार ढल रहा है और स्टाफ को आपको संवेदनशील और ईमानदार फीडबैक देना चाहिए.